भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1053

जिसका उत्तर बुधवार 27 जुलाई, 2016 को दिया जाना है

ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2016-26

1053. श्री ए० के० सेल्वाराज:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2016-26 लाने पर विचार कर रही है जिसमें अतिरिक्त 50 मिलियन नौकरियों के सृजन की परिकल्पना की गई है;

(ख) क्या ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2016-26 का उद्देश्य भारत के वाहन उद्योग को वाहनों व वाहनों के कलपुर्जों की इंजीनियरिंग, विनिर्माण और निर्यात में तीन शीर्ष राष्ट्रों के संघ में शामिल करना है;

(ग) क्या सरकार नेशनल ऑटोमोटिव मिशन प्लान की अवधि को वर्ष 2016 तक बढ़ा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी, हां। ऑटोमोटिव मिशन प्लान (एएमपी 2026) में 65 मिलियन रोजगार सृजन की परिकल्पना की गई है।

(ख): जी, हां।

(ग) और (घ): जी, हां। ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2016-26 (एएमपी 2026) की प्रमुख विशेषताएं निम्नवत हैं:-

i). भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को एक शीर्ष रोजगार सृजनकर्ता बनाना - 65 मिलियन अतिरिक्त रोजगार।

ii). भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को विनिर्माण क्षेत्र और "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम का मुख्य पहलकर्ता बनाना।

iii). भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग का लक्ष्य है कि वाहनों के निर्यात में 5 गुणा और कलपुर्जों के निर्यात में 7.5 गुणा वृद्धि की जाए।

iv). एएमपी 2026 की सफलता के लिए, ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए समन्वित और स्थायी नीति व्यवस्था की आवश्यकता है।

v). विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखने और सुधार करने तथा पर्यावरण और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का निवारण करने के लिए विशिष्ट उपायों की परिकल्पना की गई है।

****